भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †1583

सोमवार, 9 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

वैश्विक पर्यटन प्रतिस्पर्धा में भारत की स्थिति

†1583. श्री सुखदेव भगतः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक (टीटीडीआई) 2024 और उद्योग विश्लेषण सहित कई आकलन के अनुसार, भारत पर्यटन के लिए खराब अवसंरचना, अंतिम-छोर तक अपर्याप्त संपर्क, पर्यटकों के लिए कमजोर संरक्षा और सुरक्षा तथा अपर्याप्त पारिस्थितिकी-पर्यटन योजना के कारण वैश्विक पर्यटन प्रतिस्पर्धा में पिछड़ रहा है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त संरचनात्मक बाधाओं को दूर करने और भारत की वैश्विक रैंकिंग और विदेशी पर्यटकों के आगमन में सुधार लाने के लिए किन लक्षित नीतिगत उपायों को लागू किए जाने की संभावना है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक (टीटीडीआई) विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) का एक द्विवार्षिक प्रकाशन है। टीटीडीआई 2024 के अनुसार, भारत को 119 देशों में 39वें स्थान पर रखा गया था, जबकि इसे टीटीडीआई 2021 के संस्करण में 54वें स्थान पर रखा गया था।

मंत्रालय ने टीटीडीआई 2024 संस्करण का व्यापक विश्लेषण किया है, ताकि डाटा के अंतर, पद्धतिगत सीमाओं और टीटीडीआई के बाद के संस्करणों में देश के समग्र प्रदर्शन में सुधार के लिए नीति एवं संस्थागत पहलों की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान की जा सके। इस मूल्यांकन की स्थिति के विषय पर सभी संबंधित 28 मंत्रालयों/विभागों के साथ चर्चा की जाती है और मामले की समयबद्ध रूप से समीक्षा की जाती है। अंतर के विषय में अद्यतन जानकारी के लिए विश्व आर्थिक मंच और इसकी डाटा एजेंसियों से परामर्श किया जाता है।

लक्षित और समन्वित पहलों के साथ, देश के सूचकांक के आगामी संस्करणों में सभी मापदंडों पर हुई प्रगति को शामिल किया जाएगा।

****